होम वोटिंग के माध्यम से घर पर मतदान... पृष्ठ 2 | वेदों का अपूर्व प्रतिपाद्य है धर्म... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


रविवार, 21 अप्रैल 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 188, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

# आज प्रियंका गांधी की जनसभा को लेकर लोगों में उदासीनता

## जनसभा का रंग ढंग देख आशंका कि यह, नुक्कड़ सभा तो नहीं



प्रियंका गांधी की डोंगरगांव में होगी नुक्कड़ सभा ?

कांग्रेस को प्रियंका गांधी की जनसभा करानी चाहिए

क्या कांग्रेसी भूपेश बघेल से बदला लेने की तैयारी में है?



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज डोंगरगांव के मोहड में कांग्रेस की राष्ट्रीय नेत्री प्रियंका गांधी की जनसभा होने वाली है लेकिन प्रियंका गांधी की जनसभा को लेकर स्थानीय लोगों में एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में जो उदासीनता देखी जा रही है उससे तो यह आशंका प्रबल होने लगी है कि कहीं यह जनसभा उपस्थित लोगों की संख्या के मान से नुक्कड़ सभा बनकर तो नहीं रह जाएगी।

यदि ऐसा होता है तो यह कांग्रेस के स्थानीय स्तर, जिला स्तर एवं प्रदेश स्तर की पूरी लापरवाही या अक्रमण्यता ही मानी जाएगी क्योंकि कहीं से ऐसा प्रयास नजर नहीं आ रहा है कि इस सभा को वृहद बनाया जाए। ऐसा भी माना जा सकता है कि शायद कांग्रेसा ने चुनाव पूर्व ही अपनी हार मान ली हो क्योंकि यह तो हथियार डालने जैसा ही प्रतीत होता है। आज जब छत्तीसगढ़ के कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने सभा स्थल का जायजा लिया तो उनके साथ रायपुर ,दुर्ग,तथा राजनांदगांव के नेता तो नजर आए लेकिन स्थानीय स्तर पर डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू के अलावा गिनती के दो चार कांग्रेस कार्यकर्ता ही नजर आए। डोंगरगांव क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की उदासीनता उनकी नगण्य स्थिति स्पष्ट आभास करवा रही थी। जिला स्तर में भी कांग्रेस की तरफ से ऐसा कोई विशेष प्रयास नजर नहीं आ रहा है और कांग्रेस के स्थानीय नेता लोग सिर्फ अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर ही अपने कर्तव्य की इतिश्री समझने लगे है। आज हमारे प्रतिनिधि ने डोंगरगांव क्षेत्र के भ्रमण व सचिन पायलट द्वारा सभा स्थल का जायजा लेने के दौरान पाया कि राजनांदगांव में भूपेश बघेल के चुनाव लडने का पैतरा ठीक वैसा ही है जैसा कुछ माह पूर्व उनके सखा का था जब वे(गिरीश देवांगन) राजनांदगांव से विधानसभा चुनाव में था। पूरा चुनाव मैनेजमेंट अज्ञात हाथों में था और अभी लोकसभा चुनाव में भी यही नजारा नजर आ रहा है। देखा गया कि सचिन पायलट यहां जितनी भी देर रहे उतनी देर वे सिर्फ और सिर्फ भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा से ही बात करते देखे गए और बाकी नेता सिर्फ उन्हे देखते रहे। वहां उपस्थित हर नेता यह चाह रखता था कि पायलट उनसे भी कुछ बात करे या कुछ पूछे। ऐसा स्पष्ट झलक रहा था कि अब पहले वाली कांग्रेस नहीं रही,बदल गई है। क्याअब कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की भावना का महत्व नहीं रह गया है? यह प्रश्न जरुर एक आम कांग्रेसी के जहन में उठ रहा होगा।

# झुग्गी झोपड़ी में रहने वालों के लिए आवास योजना में बनाए गए पक्के मकान - अभिषेक सिंह



**राजनांदगांव ( नादगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे को ऐतिहासिक मतों से विजयश्री दिलाने के लिए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने राजनांदगांव विधानसभा में कमर कस ली है, वे लगातार सभी शक्ति केदो एवं मंडलों तथा ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। इसी परिपेक्ष में आज उन्होंने भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं की बैठक ली, जिसमें पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि एक गरीब व्यक्ति का सपना अपनी झोपड़ी को पक्का करने का होता है,पक्के मकान में रहने का सपना साकार करने का कार्य देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। श्री सिंह ने कहा कि इसके पूर्व गांव के गरीब एवं झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों ने कभी नहीं सोचा था। की कभी उनका भी पक्का मकान होगा, परंतु देश की विषम परिस्थितियों में लंबे संघर्ष के साथ कड़ी मेहनत के बाद मोदी जी ने प्रधानमंत्री का पद संभाला। श्री मोदी को गरीब परिवेश में पलने एवम बढ़ने के कारण गरीबों के दर्द का एहसास था, एवं गरीब की पीड़ा को वे भलीभाँति समझते थे। इसलिए उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों को पक्के मकान देने की योजना का श्रीगणेश किया एवं अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में 4 करोड़ गरीब परिवारों को स्वयं के मकान उपलब्ध कराकर उनके रहन-सहन के स्तर मे सुधार लाया। श्री सिंह ने कहा कि वह चाहते हैं कि पूरे देश में एक भी झुग्गी झोपड़ी ना रहें, और सभी को पक्के मकान उपलब्ध हो जाये इसके लिए आवश्यक हैं कि श्री मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में सत्ता सौपे। झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रत्येक कार्यकर्ता अबकी बार-400 पर के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपनी सहभागिता निभाए। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैठक की शुरुआत में प्रतिवेदन देते हुए झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संयोजक मनोज निर्वाणी ने केंद्र में बैठी भाजपा सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि पिछली सरकार ने गरीबों को आवास से वंचित किया।

## भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे आज डोंगरगढ़ क्षेत्र में



**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे पूरे संसदीय क्षेत्र के धुंआधार जनसम्पर्क दौरे में हैं इसी क्रम में कल वे कुमर्दा में पार्टी द्वारा आयोजित उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विराट जनसभा में शामिल होने के पश्चात डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में व्यापक प्रवास पर रहेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे कल दिनांक 21 अप्रैल को दोपहर 02:00 बजे ग्राम पुराना अछोली से अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुवात करेंगे, फिर वे ग्राम धूसेरा, बेलगाँव, कलेन्द्रा, ठाकुरटोला, खैरबना, सिवनी, बिजनापुर, मुहारा होते हुए ग्राम चैतुखपरी पहुचकर आमजनों से मुलाकात करते हुए चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे इस दौरान उनके साथ जिले एवं डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## कुमर्दा में आज योगी आदित्यनाथ की जंगी आमसभा



**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से विजयी बनाने का पार्टी का अभियान अपने आखिरी चरण में पहुच गया हैं, पार्टी के नेता व कार्यकर्ता पूरे संसदीय क्षेत्र में पार्टी को विजयी बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक रखे हैं, प्रचार अभियान को गति प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय नेता अमित शाह, राजनाथ सिंह, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के बाद कल 21 अप्रैल रविवार को देश के स्टार प्रचारक व उत्तर प्रदेश के तेज तर्रार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जंगी आमसभा होने जा रही हैं। भाजपा मीडिया सेल प्रभारी योगेश दत्त मिश्रा व अशोक लोहिया द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार योगी आदित्यनाथ कल 21 अप्रैल को दोपहर 11:30 बजे खुज़्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुमर्दा में पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में विराट चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। सभा के लिए जिला भाजपा ने ऐतिहासिक तैयारियों को अंजाम दिया, सभा स्थल को भाजपा के झंडे, बैनर, फ्लेक्स व कटआउट से आकर्षक स्वरूप से सजाया गया। पार्टी द्वारा योगी जी का भव्य स्वागत करने हेतु तैयारियां की जा रही हैं, भीषण गर्मी को देखते हुए आम जनता के लिए बैठक व्यवस्था व पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, पार्टी के लोकसभा कलस्टर प्रभारी व पूर्व मंत्री राजेश मूणत, लोकसभा संयोजक मधुसूदन यादव, सहसंयोजक दिनेश गांधी व नीलू शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल देर रात तक तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए कार्यकर्ताओं को आवश्यक जिम्मेदारियाँ सौपी है, सभा की सफलता के लिए खुज़्जी व डोंगरगाँव विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता पूरी ताकत झोंक रखी हैं।

# नारी शक्ति का सम्मान भाजपा राज में ही संभव हुआ - संतोष पांडे


## तुमड़ीबोड़, मारगांव, आसरा, में महतारी वंदन योजना का कार्यक्रम संपन्न हुआ



**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे के चुनाव प्रचार को गति देने के लिए भाजपा महिला मोर्चा में युद्ध स्तर पर महतारी वंदन योजना के कार्यक्रमों का आगाज कर दिया है। इसी तारतम में आज महिला मोर्चा ने तुमडीबोड, मारगांव आसरा के ग्रामों में महतारी वंदन योजना का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया कार्यक्रम में भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाई है, और 70 साल के कांग्रेस के इतिहास में कभी भी महिला आरक्षण बिल पास नहीं हो सका जिसे भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ने पास करवाया महिलाओं को आरक्षण देकर उनका सम्मान बढ़ाया, सांसद संतोष पांडे ने कहा कि मोदी जी ने कश्मीर से धारा 370 हटकर देश के मुकुट को सुशोभित किया है, पांडे ने कहा कि महिला घर की लक्ष्मी होती है,इसलिए जिस घर में महिलाओं का सम्मान होता है वह स्वर्ग के समान होता है इसलिए भारतीय जनता पार्टी संस्कारों की बात करती है, और पहले पूजा माता की करती है, रामनवमी के अवसर पर उन्होंने महिलाओं को प्रणाम करते हुए अपनी बात को आगे बढ़ाया और महिला सशक्तिकरण की बात बताई।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं लोकसभा प्रभारी मधुसूदन यादव ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर प्रहार करते हुए घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया और कहा कि पिछले चुनाव में कांग्रेस ने ?500 प्रति महिलाओं को देने का वादा किया था परंतु ?1 भी महिलाओं के खाते में नहीं डाला गया, इसलिए कांग्रेस से विश्वास खत्म हो चुका है। लोकसभा सह प्रभारी दिनेश गांधी एवं पूर्व सांसद प्रदीप गांधी ने भी महिला सशक्तिकरण की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की, कार्यक्रम में लोकसभा महिला संपर्क प्रभारी आभा तिवारी ने मेरा बूथ सबसे मजबूत योजना के तहत महिलाओं की वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने पर जोर दिया और कहा कि महतारी वंदन योजना, एवं प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को सिलेंडर मिला है, इसलिए मोदी जी को आशीर्वाद स्वरुप 26 अप्रैल को तीसरे नंबर पर बटन दबाकर कमल फूल अवश्य खिलाएं।

कार्यक्रम में जागृति यदु, किरण साहू एवं अंजू त्रिपाठी ने समानता का अधिकार एवं भाजपा के घोषणा पत्र के संबंध में लोगों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मधुसूदन यादव, प्रदीप गांधी, दिनेश गांधी, आभा तिवारी, रामकुमार, किरण साहू, अंजू त्रिपाठी, जागृति यदु, निर्मला सिन्हा, जितेंद्र बंटू जैन, चिंतन लाल ठाकुर, राम सिंह राजू यादव, टीकम पटेल, गुलशन हिरवानी नसीब रात्रि, संध्या साहू, दुर्गा साहू, अमृत साहू, फूलचंद वर्मा, राजेंद्र जैन,तिमेश साहू,चुन्नी यदु, गुलशन हिरवानी, जेठमल लोढ़ा, चन्द्रशेखर वैष्णव, वीरेंद्र साहू जनपद सदस्य, सतीश साहू,कुमारी बाई सरपंच, रामदीन जगने, झब्बू साहू, मदन साहू, जनक साहू, खेमन साहू, गंगा राम चन्द्रवंशी,मोरजधवज चन्द्रवंशी, पुणेश्वर धामेश्वर गिरधर कोठारी,उमेश यदु, सन्तोष सिन्हा, ओमेश यदु, नंदलाल कुंभकार, संजय चन्द्रवंशी, मोतीराम चन्द्रवंशी,सतानंद दूबे,पुरषोत्तम यादव,सागर वर्मा, नवीन परमार, सुकदेव सिन्हा,संतोष सिन्हा, बंशी साहू, हिरामन चन्द्रवंशी, सुंदर पटेल, सतीश पांडे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# होम वोटिंग के माध्यम से घर पर मतदान कर 92 वर्षीय सुलखन सोनपिपरे लोकतंत्र के महापर्व में हुए शामिल

## वनांचल ग्राम खैरबना निवासी 98 वर्षीय सोनकुंवर और 97 वर्षीय सोनाबाई ने घर पर अपने मताधिकार का किया उपयोग, - 91 वर्षीय गणेशिया बाई ने विवाह समारोह के बीच मताधिकार का किया उपयोग






**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत निर्वाचन आयोग के उद्देश्यों को परिलक्षित करते हुए मतदान अधिकारियों द्वारा जिले के चिन्हांकित दिव्यांगजनों और 85 प्लस बुजुर्ग व्यक्तियों के घरों में जाकर मतदान कराया गया। अत्यंत दिव्यांगता और अधिक उम्रदराज से लोकतंत्र में हिस्सा बनने से वंचित न हो, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई है। जिले के उम्रदराज और दिव्यांगजनों ने होम वोटिंग कर लोकतंत्र में अपनी उपयोगिता साबित की है। होम वोटिंग के लिए नियुक्त मतदान अधिकारियों ने मतदान कराने दूरस्थ वनांचल ग्राम खैरबना, मोहनपुर, गाताटोला, तेन्दूनाला, आसरा, पुरेना, अण्डी, बिच्छीटोला, पिनकापार, मेढ़ा जाकर दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के घरों में दस्तक दी। होम वोटिंग के लिए शेष रहे मतदाताओं का 19 अप्रैल को मतदान कराया गया। मतदान अधिकारियों को अपने घर में देखकर मतदाताओं सहित परिजनों ने खुशी जाहिर की। मतदाताओं ने कहा यह बहुत अच्छा क्षण है जिससे हम अपने देश के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

मोहनपुर निवासी 92 वर्षीय श्रीमती सुलखन बाई सोनपिपरे ने होम वोटिंग के माध्यम से अपना मताधिकार का उपयोग किया। श्रीमती सुलखन बाई के बेटे ने कहा कि यह बहुत खुशी का समय है कि लोकतंत्र के महापर्व में उनकी मां शामिल हो रही है। मतदान अधिकारियों द्वारा होम वोटिंग के माध्यम से घर पर ही मतदान कराया जा रहा है। उनकी मां पहले स्वयं मतदान बूथ में जाकर वोट दे देती थी। लेकिन उम्र की अधिकता और लकवाग्रस्त होने के कारण पिछले दो वर्षों से बिस्तर पर है। जिसके कारण कही चल-फिर नहीं पाती है। पिछले निर्वाचन में भी होम वोटिंग के माध्यम से घर पर ही मतदान की थी। उनके बेटे ने कहा कि भारत निर्वाचन अयोग की इस अच्छी पहल के कारण उम्रदराज और दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार से वंचित होने से बच रहे हैं। उनके लिए यह सुविधा बहुत लाभकारी है। बिना परेशानी के वे घर पर ही वोट दे रहे हैं। जिससे वे लोकतंत्र में अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभा रहे हैं। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग और मतदान अधिकारियों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।जिले के अंतिम छोर वनांचल ग्राम खैरबना निवासी 98 वर्षीय श्रीमती सोनकुंवर चंद्रवंशी और 97 वर्षीय श्रीमती सोनाबाई निषाद ने घर पर लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए अपने मताधिकार का उपयोग किया। श्रीमती सोनकुंवर अत्यंत बुजुर्ग हैं। वे नहीं चल पाती हैं न ही बोल पाती हैं। श्रीमती सोनकुंवर की नाती श्री देवानंद ने मतदान करने के लिए सहयोग किया। परिजनों ने बताया कि पहले मतदान केन्द्र तक मतदान कराने के लिए ले जाया जाता था। लेकिन पिछले विधानसभा निर्वाचन में बीएलओ द्वारा होम वोटिंग की सूचना देने पर चिन्हांकित किया गया। पिछले विधानसभा निर्वाचन में भी होम वोटिंग के माध्यम से मतदान की थी और इस बार लोकसभा निर्वाचन में भी घर में मतदान करने का अवसर मिला है। ग्राम खैरबना की श्रीमती सोना बाई निषाद के बेटे ने मतदान करने में सहयोग किया। श्रीमती सोना बाई के बेटे ने बताया कि उनकी मां को आंखों से ज्यादा दिखाई नहीं देता है और उम्र अधिक होने के कारण स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता है। जिसके कारण पिछले निर्वाचन में मतदान से वंचित रह गई थी, लेकिन इस बार होम वोटिंग सुविधा से मतदान करने का अवसर मिला है। ग्राम गाताटोला निवासी 91 वर्षीय श्रीमती गणेशिया बाई चंद्रवंशी ने घर में मतदान कर अपने मताधिकार का उपयोग किया। श्रीमती गणेशिया बाई के घर विवाह समारोह का कार्यक्रम चल रहा था। इसी बीच मतदान अधिकारियों द्वारा श्रीमती गणेशिया बाई का होम वोटिंग कराया गया। इस दौरान उनके यहां मेहमान भी उपस्थित थे। सभी ने होम वोटिंग सुविधा की सराहना की। श्रीमती गणेशिया बाई की अधिक उम्र होने के कारण सुनने की समस्या है। उनके परिजनों ने बताया कि पिछले विधानसभा निर्वाचन के दौरान भी होम वोटिंग किया गया था। यह सुविधा मिलने से बुजुर्ग व्यक्ति के लिए बहुत सहारा मिलता है। श्रीमती गणेशिया बाई पहले मतदान केन्द्र में जाकर मतदान करती थी। यह सुविधा मिलने से घर पर वोट करना बहुत अच्छा लगा है।

## हनुमान जयंती 22 को

**मुरमुंदा ( नांदगांव टाइम्स )।** रुबन ग्राम मुरमुदा में श्री राम भक्त युवा समिति द्वारा 22 अप्रैल को हनुमान जयंती मनाया जाएगा समिति के सदस्य राकेश यादव एवम संदीप कौशिक ने बताया की गांव की हनुमान मंदिर सजाया जा रहा है ग्राम में चौक चौराह में भगवा रंग तोरण द्वारा सजाया जा रहा है बताया की 22 अप्रैल सोमवार को गांव में भव्य शोभा यात्रा निकाला जाएगा 23 अप्रैल को हनुमान मंदिर में महाआरती एवम रक्तदान एवम भंडारा का आयोजन किया गया है।



## भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में खूबचंद पारख आज ग्रामीण क्षेत्रों में

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व लोकसभा चुनाव के सहसमन्वयक खूबचंद पारख दिनांक 21 अप्रैल को राजनांदगाँव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों का व्यापक दौरा कर पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में जनसम्पर्क कर चुनावी सभाओं के संबोधित करेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पारख ग्राम धामनसरा, मलपुरी, बेलटिकरी, कुम्हालोरी, कोटराभाठा, बुच्चीभरदा व ग्राम आरला का दौरा करेंगे।



## बेलेश्वर महादेव मंदिर में धूमधाम से मनी रामनवमीं, हुए विविध आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बेलेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा प्रत्येक सनातनी पर्व को धूमधाम से मनाने मुहिम की शुरुआत की गई है। इसी क्रम में नवरात्रि के पहले दिन हिन्दू नववर्ष मनाया गया। इसी क्रम में नवरात्रि के अंतिम दिन श्रीरामनवमी पर्व के दिन विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया जो दोपहर 01 बजे आरम्भ हो के रात्रि 10 बजे तक अनवरत चला। उक्त कार्यक्रम में सभी भक्तों को समिति के अमरनाथ यादव द्वारा श्रीहनुमान चालीसा की पुस्तकें वितरित की गई। कार्यक्रम में समिति के श्री देवेन्द्र ठाकुर, संजय खंडेलवाल, देवेश घाटोड़े, मिलिंद रेड्डी, अरविंद चंद्राकर, मिट्ठू यादव, दिग्विजय श्रीवास्तव,अतुल खंडेलवाल, तरुण घाटोड़े, योगेश निर्मलकर, ललित नामदेवे,यश रेड्डी, व्यंकटेश रेड्डी,अनुष्क कठाने, अमरनाथ इत्यादि भक्तों का विशेष योगदान रहा। उपरोक्त जानकारी समिति के उमेश राजपूत द्वारा प्रदान की गई।




## कृति साहू फैंसी ड्रेस में प्रथम

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान जेएलएम गायत्री विद्यापीठ राजनांदगांव में रामायण के पात्र पर फैंसी ड्रेस एवं संवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें केजी 2 , कक्षा पहली एवं दूसरी के बच्चों ने रामायण के विभिन्न पात्र की भूमिका का प्रदर्शन किया। कक्षा पहली के छात्रा प्रकृति साहू ने भगवान श्रीराम के आदर्शों एवं संवाद को बेहतर प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रकृति के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संस्था के प्राचार्य एवं सभी शिक्षकों ,अभिभावकों ने बधाई दिए। सफल विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर पुरुस्कृत किया गया। संस्था में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर शिक्षा दिया जाता है।



**शुभांक**

**2-6-8**

**235-0 680-4**

# कलेक्टर ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था के संबंध में बैठक ली

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान दिवस में मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि मतदान केन्द्रों में पेयजल, छांव, रैम्प, प्रकाश, फर्नीचर सहित अन्य बुनियादी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में विशेष तौर पर व्यवस्था करने की जरूरत है, इसके लिए प्रसास करें। मतदान केन्द्र में छांव की व्यवस्था के लिए स्थानीय स्तर पर टेंट के साथ ही पत्तियों से बने इकोफ्रेंडली मंडप बनवाएं। मतदान केन्द्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। सभी आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारी पहले से ही मानिटरिंग करें और सभी तैयारी रखें। कलेक्टर ने कहा कि शिशुवती माताओं, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को लंबी कतार में खड़ा नहीं होना पड़े, इसके लिए उनके लिए अलग से ग्रीन कॉरिडोर बनाएं। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में रैम्प होना चाहिए तथा व्हील चेयर की व्यवस्था होनी चाहिए। दिव्यांगजन एवं बुजुर्गों की मदद के लिए एनसीसी, स्काउट गाईड, एनआरएलएम की महिलाएं मतदान केन्द्र में उपस्थित रहें।



कलेक्टर ने मतदान दलों के लिए वाहन की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली तथा मतदान केन्द्र पहुंच मार्ग के संबंध में सभी को अवगत होने के लिए कहा। स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दवाइयों का किट भी उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने मतदान दलों के भोजन के संबंध में व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मतदान दलों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कहा। जिन ग्रामों में दिव्यांगजन है, वहां दिव्यांग रथ होना चाहिए तथा ई-रिक्शा की व्यवस्था होनी चाहिए। हर गांव में प्रकाश की समुचित एवं वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में ओआरएस घोल उपलब्ध रहे। अधिकारियों के पास मितानिनों का नंबर होना चाहिए। आदर्श मतदान केन्द्र थीम के अनुसार बनाएं जाएंगे। संगवारी एवं युवा मतदान केन्द्र अच्छे से सजाना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सेल्फी जोन बनाएं तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध वस्तुओं का भी उपयोग करें। इस अवसर पर उन्होंने स्वीप कार्यक्रम एवं स्वीप संगोष्ठी के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, जनपद सीईओ, सीएमओ, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी उपस्थिरत रहे।

# चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में सत्र 2023-24 के परीक्षा परिणाम की घोषणा शुक्रवार को संस्था के प्रमुख अनिल रुपलानी के द्वारा किया गया जिसमें कक्षा द्घद्द1 से पियुषा गौतम प्रथम स्थान पर नव्यता कुंभकार एवं रक्षा गुप्ता दूसरे स्थान पर अयान मेश्राम एवं प्रीशा वैष्णव तीसरे स्थान पर आर्यन कांदे चौथे स्थान पर तथा नित्या देवांगन पांचवें स्थान पर रहे कक्षा नर्सरी में आरव चक्रधारी,नियांश कुंभकार,मोक्ष पटेल, लावण्या निशाद , आव्या पंसारी, झलक नेति, हर्षिता यादव प्रथम स्थान पर रहे अविका कुंवर, अनय गुप्ता, रूद्र देवांगन दूसरे स्थान पर रहे हिमानी महेश्वरी तीसरे स्थान पर ,शौर्य साबला चौथे स्थान पर तथा, निखिलेश जांगड़े पांचवे स्थान पर रहे । कक्षा प्ले में आरव जैन , द्रव्या जैन , सावी जैन , सानवी साहू , दिलीशा साहू , मेहुल भट्ट , एलीना सलामे , मानवी जैन , संस्कार ,शशांक , प्रणव सिंह , वशिष्ठी पाण्डेय , आराध्य जैन , शौर्य जैन , समर्थ सोनी , जिनल नाहटा , मेहुल जैन ये सभी बच्चे प्रथम स्थान पर रहे कार्यक्रम में सभी बच्चों के अभिभावको ने बडी संख्या में अपनी उपास्थिती दी और साल भर की स्कूली गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए सत्र के कार्य काल को सराहा अंत में संस्था प्रमुख अनिल रूपलानी कक्षा शिक्षिका प्रीति कुलदीप, करिश्मा साहू, सेजल सांखला, पायल कुंजाम सभी के द्वारा बच्चों को भवीष्य के लिए शुभकामनाओं तथा बेहतर परिणाम के लिए बधाई दी गई है।




# गायत्री विद्यापीठ में आयुर्वेद ऑफीसर डॉ.प्रज्ञा सक्सेना का मार्गदर्शन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ में डॉ.प्रज्ञा सक्सेना का मार्गदर्शन कक्षा 6वीं से 12वीं के बच्चों को प्राप्त हुआ। जिसमें उन्होंने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी एवं जंक फूड के सेवन से बचने की सलाह देते हुए शरीर की प्रकृति के आधार पर खान-पान लेने का सुझाव दिया। साथ ही साथ विद्यार्थियों को आए दिन होने वाले विभिन्न शारीरिक समस्याओं का कारण और निदान बताया। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से भी विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान पाया। विद्यालय परिवार की ओर से डॉ.प्रज्ञा को गुरूदेव का साहित्य व दुपट्टा देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर शाला के प्रभारी प्राचार्य श्री अमित उत्तलवार द्वारा आभार व्यक्त करते हुए उनके कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए समय-समय पर डॉ.प्रज्ञा से बच्चों को मार्गदर्शन देने की अपील की गई। उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर द्वारा डॉ.प्रज्ञा का स्वागत सत्कार किया गया। गायत्री शिक्षण समिति द्वारा भी इस आयोजन की सराहना की गई जिसमें मुख्य रूप से गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, सचिव श्री गगन लड्ढा, सह-सचिव श्री निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकांत चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, प्रशासक श्री अनिल बाजपेयी के साथ-साथ शाला की उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। उक्त जानकारी शाला की व्याख्याता श्रीमती उषा झा ने दी।

# बीच सड़क में पोल से विद्युत तार खींच रहे ट्रेक्टर को देख अनियंत्रित स्कॉर्पियो पलटी, सरपंच की मौत, 9 लोग घायल

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** सगाई समारोह में जा रहे हैं स्कार्पियो सवार 10 लोग सड़क दुर्घटना के शिकार हो गये. दुर्घटना में ग्राम पंचायत कुम्ही के सरपंच लीला दास साहू की दर्दनाक मौत हो गई है वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं शेष छ: लोगों को मामूली चोटे आई हैं.



जानकारी अनुसार बीच सड़क में पोल से विद्युत तार खींच रहे ट्रेक्टर को देखकर स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई. घटना ग्राम बुंदेली से महज एक किमी आगे मुख्य मार्ग पर घटी हैं जहाँ स्कॉर्पियो में सवार सरपंच की मौत हो गई हैं वहीं 9 अन्य लोग घायल हुये हैं जिनका रायपुर, भिलाई, राजनांदगांव व खैरागढ़ में अलग-अलग अस्पतालों में उपचार चल रहा है. दुर्घटना को लेकर स्कॉर्पियो में सवार रहे घायल सचिव भागवत दास साहू ने बताया कि खैरागढ़ के ग्राम कुम्ही से तेंदुभाठा सगाई बरात जाने के लिए स्कार्पियो गाड़ी से 7 पुरुष और 3 बच्चे कुल 10 लोग सवार होकर निकले सुबह 10.30 बजे निकले थे. लगभग 12 बजे ग्राम बुंदेली से एक किमी आगे मुख्य मार्ग में सड़क किनारे विद्युत पोल लगाने का काम चल रहा था जहाँ सड़क के बीचो-बीच अचानक ट्रेक्टर आ गया जिसे देखकर स्कार्पियो का वाहन चालक घबरा गया और बचाव की फिराक में ब्रेक लगाने से स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई. स्कॉर्पियो तीन पलटी खाने के बाद लगभग 1 किलोमीटर आगे जाकर रुकी और इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो में सवार सभी लोग घायल हो गये वहीं दुर्घटना में स्कॉर्पियो वाहन के परखच्चे उड़ गए हैं. दुर्घटना के बाद विद्युत पोल का काम कर रहे हैं लोग ट्रैक्टर सहित फरार हो गए. कुछ देर बाद राहगीरों की मदद से घायलों को बाद में छुईखदान उपचार के लिए लाया गया जहां से गंभीर रूप से घायल लोगों को रिफर किया गया. बताया जा रहा है कि भिलाई के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान स्कॉर्पियो में सवार ग्राम पंचायत कुम्ही के सरपंच लीला दास साहू पिता कार्तिक 48 वर्ष की मौत हो गई हैं वहीं पूर्व सरपंच रामेश्वर साहू 62 वर्ष सहित घटना के बाद गाड़ी में सवार सभी घायलों को आनन-फानन में राहगीर ग्रामीणों की मदद से जैसे तैसे स्कॉर्पियो से बाहर निकाला गया और ग्राम बुंदेली स्थित प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान रिफर कर दिया गया. दुर्घटना में कामता दास पिता रिखीराम उम्र 71 वर्ष निवासी ग्राम कुम्ही, सूरज पिता रेखु उम्र 13 वर्ष निवासी ग्राम कुम्ही, प्रेमु साहू पिता लखन उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम पांडादाह, लेखू पिता सजीवन पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम पिपलाकछार, रमेश पिता शिव उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम कुम्ही को गम्भीर चोट आयी है वहीं स्कार्पियो में सवार शेष 4 घायल जिनमें भागवत साहू पिता प्यारेलाल साहू उम्र 47 वर्ष निवासी अटल आवास खैरागढ़, हरीश पिता तोरण उम्र 28 वर्ष निवासी पांडादाह, लेखन पिता कार्तिक एवं उत्तम दास 87 वर्ष निवासी ग्राम कुम्ही सामान्य घायल है.

## खुज्जी महरूम में अवैध शराब जोरो पर

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम खुज्जी और महरुम में जगह जगह अवैध शराब की बिक्री खुलेआम की जा रही है क्षेत्र में एक बार फिर कोचिया सक्रिय होकर बस स्टैंड बाजार चौक तथा महरूम पेट्रोल पंप के सामने एक ठेला में खुलेआम अवैध शराब बिक्री की जा रही है इनके आलावा क्षेत्र में यह अवैध शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा है जहा पर अवैध शराब बिकता है उनके आसपास चखना दुकान भी चलाते हैं कई लोग चखना के आड़ में लेकर अंडा और चाय की दुकान भी खोल रखा है



**सरकारी दुकान से सप्लाई होती कोचिया को अवैध शराब**

डोंगरगांव के सरकारी देशी शराब दुकान से रोज सुबह दोपहर संध्या को अलग खिड़की से कोचिया को अवैध शराब की सप्लाई की जाती है यहां पर एक एक कोचिया से मैनेजर द्वारा कमीशन लेकर अवैध शराब की सप्लाई की जाती है इसी कारण क्षेत्र में अवैध शराब फिर एक बार ग्रामीण क्षेत्र में शराब बिकना शुरू हो गया है कोचिया के आदमी गाड़ी में घूम घूम कर शराब बेचते है इनके आलावा मोटर साइकिल और कार में भी अवैध शराब छोड़ने जाते हैं जब एक आम आदमी को इस अवैध शराब के बारे में मालूम है तो पुलिस और आबकारी विभाग क्यों नहीं इस मामले में आबकारी विभाग और पुलिस जानकारी होने के बाद भी इन कोचिओ पर किसी भी तरह के कोई कार्यवाही न होना इन विभागों की कार्यप्रणाली में ही सवालिया निशान उठा रहे है। इस अवैध शराब के बारे में आबकारी विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी को फोन के पर संपर्क किया गया लेकिन फोन को रिसीव नहीं किया गया।

nandgaon times april-21-3.qxd 4/20/2024 11:41 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) सितंबर 2023 में भारत सरकार द्वारा कितने शिक्षको को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया?*
*2) किस तिथि को हर वर्ष विश्व नारियल दिवस के रूप मे मनाया जाता है?*
*3) स्वतंत्रता के बाद भारत का पहला डाक टिकट कब जारी किया गया?*
*4) 69वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में किसे दादा साहब फाल्के पुरस्कार दिया गया?*
*5) किस अमेरिकी सॉफ्टवेयर डेवलपर 1985 से 1996 तक पॉवरपॉइंट के प्रमुख सॉफ्टवेयर डेवलपर थे?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) 75 शिक्षकों (2) 2 सितम्बर (3) 21 नवंबर 1947 (4) वहीदा रहमान (5) डेनिस ऑस्टिन

# वेदों का अपूर्व प्रतिपाद्य है धर्म और ब्रह्म - पुरी शंकराचार्य

**अरविन्द तिवारी की रिपोर्ट**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हिन्दूओं के सार्वभौम धर्मगुरु एवं हिन्दू राष्ट्र प्रणेता, विश्व मानवता के रक्षक पूज्यपाद पुरी शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज वेदोक्त ज्ञानकाण्ड, उपासना काण्ड और कर्मकाण्ड की चर्चा करते हुये संकेत करते हैं कि प्राणियों की प्रवृत्ति तथा निवृत्ति के नियामक का बोध अपने जीवन की प्रवृत्ति तथा निवृत्ति का निरीक्षण तथा परीक्षण करने पर सम्भव है ङ्घ अनित्यता , जड़ता और दु:ख रूपता के चपेट से विमुक्त सत्, चित् और आनन्द होकर जीव शेष रहना चाहता है। असत्ता की, जड़ता की और दु:ख की उपलब्धि का कारण अनित्य, और दु:खरूप - शरीर तथा संसार में अहंता - ममता रूप तादात्म्यापत्ति है। सत्, चित् और आनन्द होकर शेष रहने की भावना का मूल स्वयं की सच्चिदानन्द रूपता है। भूख और प्यास के निवारक अन्न तथा जल के अस्तित्व को स्वीकार करने के सदृश मृत्यु, अज्ञता और दु:ख के निवारक सत्, चित् तथा आनन्द के अस्तित्व को स्वीकार करना आवश्यक है। उस सर्वस्त्रष्टा और सर्व नियामक का नाम वेदों में सच्चिदानन्द सर्वेश्वर है। उसकी आत्म रूपता का प्रतिपादक वेदोक्त ज्ञानकाण्ड है। उसकी आत्मीय रूप से उपासना का प्रतिपादक वेदोक्त उपासना काण्ड है। उसकी उपासना और बोध के अनुरूप जीवन का शोधक तथा बल और वेग प्रदायक ; तद्वत् किसी की सत्ता,



चित्ता और प्रियता के अपहरण में स्वभाव सिद्ध प्रीति तथा प्रवृत्ति का अहिंसा - सत्य - अस्तेय आदि यमों के अनुपालन से शनै: शनै: निरोधक वेदोक्त कर्मकाण्ड है। श्रुति सिद्ध वर्णाश्रम व्यवस्था अहिंसा आदि यमों की जीवन में समग्र प्रतिष्ठा की क्रमिक सहिष्णुता उत्पन्न करने वाली तथा शिक्षा, रक्षा, अर्थ और सेवा को सन्तुलित रूप से सबको सुलभ कराने वाली है। अत: वेदोक्त कर्म, उपासना तथा ज्ञान का गुप्त या प्रकट आंशिक अनुकरण या अपहरण अन्यत्र परिलक्षित है। इनके अनुकरण या अपहरण में अविवेक पूर्ण शोधन तथा परिवर्द्धन अवश्य ही विघातक है। वैदिक महर्षियों के द्वारा चिर परीक्षित और प्रयुक्त उपायों का परित्याग कर मन: कल्पित उपायों के आलम्बन से लौकिक उत्कर्ष भी असम्भव है, पारलौकिक उत्कर्ष और मोक्ष तो सर्वथा असम्भव है ही। श्रुति सम्मत स्मृति, श्रुति स्मृति सम्मत सदाचार और श्रुति स्मृति सदाचार सम्मत आत्म प्रियता का समादर करने पर लौकिक - पारलौकिक उत्कर्ष होता है और परमात्म प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। ध्यान रहे ; धर्म और ब्रह्म का यथार्थ बोध श्रुति तथा श्रुति सम्मत स्मृति - पुराण और इतिहास के विधिवत् अनुशीलन से ही सम्भव है। वेदों का अपूर्व प्रतिपाद्य धर्म और ब्रह्म है। पूर्व मीमांसा में धर्म का और उत्तर मीमांसा में ब्रह्म का प्रतिपादन प्राप्त है। मन्वादि स्मृतियों में तथा श्रीमद्भागवत आदि पुराणों में वेदैक समधिगम्य धर्म और ब्रह्म का बृहत् विवेचन सुलभ है। धर्म के अविरुद्ध और अनुकूल अर्थ उपार्जन और विषय उपभोग से सुलभ दिव्य जीवन में ब्रह्म जिज्ञासा और ब्रह्म विचार की क्षमता का उदय सुनिश्चित है। ब्रह्म ज्ञान और ब्रह्म निष्ठा से समन्वित मानव जीवन की सार्थकता सुनिश्चित है। इस तथ्य को हृदयङ्गम करने की आवश्यकता है कि जहाँ - कहीं युक्तियों के बल पर धर्म तथा ब्रह्म का यथार्थ विवेचन प्राप्त हैं, वहाँ श्रुति सम्मत सिद्धान्त को तदनुकूल आगमिक युक्तियों का आलम्बन लेकर उद्भासित किया गया है।

# पीठ परिषद् , आदित्यवाहिनी - आनन्दवाहिनी की सांगठनिक बैठक आज

**अरविन्द तिवारी की रिपोर्ट**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )** - ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगदुरु शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज द्वारा सनातन संस्कृति संरक्षणार्थ संस्थापित संगठन धर्मसंघ पीठपरिषद् , आदित्यवाहिनी - आनन्दवाहिनी की सांगठनिक बैठक आज रविवार दिनांक 21 अप्रैल 2024 को अपरान्ह तीन बजे से पांच बजे तक प्रांतीय कार्यालय , श्रीसुदर्शन संस्थानम् , रावांभाठा , रायपुर में आयोजित है। इस अवसर पर पूज्यपाद पुरी शंकराचार्य महाभाग का सायं दर्शन एवं आशीर्वाद भी सुलभ होगा। गौरतलब है कि राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के अंतर्गत महाराजश्री 21 से 23 अप्रैल तक रायपुर प्रवास पर हैं। पुरी शंकराचार्यजी द्वारा रामराज्य समन्वित हिन्दू राष्ट्र निर्माण हेतु आह्वान क्रियान्वयन हेतु एक वर्ष से



कम समय शेष रह गया है। यह पुनीत कार्य देवलोक से संचालित हो रहा है। हम सब संगठन के सदस्यों के लिये शुभ अवसर है कि इस क्रियान्वयन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। सनातन मानबिन्दुओं के अनुरूप हमारे घर , परिवार और समाज को व्यवस्थित करने हम सब का दायित्व है। हम सब सौभाग्यशाली है कि पुरी शंकराचार्यजी के शिष्य एवं संगठन के सदस्य के रूप में छोटे छोटे सूत्र रूप में निरंतर दिशा निर्देश उपलब्ध होता है। कल रविवार को आयोजित बैठक में अवसर होगा संगठन के सक्रियता एवं गतिशीलता के परीक्षण की एवं आत्मचिंतन की किस प्रकार समाज एवं अपने क्षेत्र में विभिन्न सेवा प्रकल्पों के माध्यम से संगठन की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। उपरोक्त अवसर पर राज्य के सभी जिले के सांगठनिक प्रतिनिधि सादर आमन्त्रित है साथ ही उपस्थित होने वाले सदस्यों की पूर्व सूचना से सुव्यवस्थित बैठक सम्पन्न हो सकेगा। बैठक से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिये बी0डी0 दीवान ( 9425230676 ) , विजय शर्मा 9926512603) एवं मारूति शर्मा (9575881582) से संपर्क कर सकते हैं। इसकी जानकारी श्रीसुदर्शन संस्थानम् , पुरी शंकराचार्य आश्रम / मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने दी।

## कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल आज प्रियंका गांधी की सभा के बाद खैरागढ़ विधानसभा में

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ भूपेश बघेल खैरागढ़ विधानसभा के ग्रामों में आज 21 अप्रैल को जनसंपर्क करेंगे। छग प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल दोपहर 12.30 बजे प्रियंका गांधी की सभा हथौद बालोद में शामिल होंगे। पश्चात 3 बजे



मोहड़ डोंगरगांव में प्रियंका गांधी की सभा में शामिल होकर शाम 5 बजे खैरागढ़ विधानसभा के ग्राम पेंड्रीकला, खैरागढ़ शहर राजीव चौक, छुईखदान कांग्रेस भवन, बस स्टैंड, डोकराभांठा, राहुद, करमतरा, रंगकठेरा, शेरगढ़, भोथी, सोनपुरी में जनसंपर्क करेंगे।

## सावधानी बरतनी चाहिए जन्मोत्सवः अलसुबह हनुमान चालीसा, दोपहर अभिषेक और शाम को सामूहिक सुंदरकांड

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गंज लाईन स्थित श्री सिद्धपीठ बालाजी हनुमान मंदिर में आगामी 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव



को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। समिति द्वारा अखंड रामायण, प्रभातफेरी, अभिषेक और भजन संध्या के साथ-साथ सवामणी भंडारा का भी आयोजन किया गया है। श्री बालाजी हनुमान मंदिर में 22 अप्रैल को सुबह 9 बजे से अखंड रामचरितमानस पाठ के साथ जन्मोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत होगी। दूसरे दिन 23 अप्रैल को सुबह 4 बजे से सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया है। सुबह साढ़े पांच बजे मंदिर परिसर से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। प्रभातफेरी शहर के विभिन्न मार्ग से भ्रमण करने के उपरांत मंदिर परिसर में इसका समापन होगा। सुबह 8 बजे से श्री बालाजी का अभिषेक एवं पूजन होगा। प्रात: 9 बजे जन्मोत्सव एवं श्रृंगार आरती के उपरांत सुबह 10 बजे हवन-पूजन कार्यक्रम रखा गया है। दोपहर 12 से 3 बजे तक सवामणी भंडारा प्रसादी का आयोजन भी किया गया है। शाम 4 बजे से सामुहिक सुंदरकांड पाठ, रात्रि साढ़े सात बजे से महाआरती और रात को 8 बजे से खैरागढ़ के सुप्रसिद्ध भजन गायक डॉ. विभाष पाठक द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। श्री बालाजी हनुमान मंदिर समिति ने सभी धर्मप्रेमी जनता से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।



## निधन

**भूषण साहू**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शोकसभा बड़ी जनसंख्या लोग शामिल राजनांदगांव समीपस्थल ग्राम भोथीपार खुर्द पुराना पारा के निवासी भूषण साहू निधन अल्प आयु 44 वर्ष निधन हार्ट अटैक आने से हो गया जिसका शोक यात्रा मुक्ति धाम में बड़ी जनसंख्या में लोग पहुंचे शोकसभा में पूर्व जनपद योगेन्द्र दास वैष्णव सरपंच प्रतिनिधि केशव हिरवानी पूर्व सरपंच सुरेश कुमार साहू पूर्व उपसरपंच गोपाल साहू उपसरपंच अशोक साहू शिक्षक महेश्वर प्रसाद साहू सहित आस-पास लोग बड़ी जनसंख्या में शोक सभा पहुंच श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# भाजपा के संकल्प पत्र में ई-कोर्ट स्थापित करने का निर्णय स्वागतेय- विकास तिवारी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे के लिए पार्टी का विधि प्रकोष्ठ भी खासा सक्रिय हैं, प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता बौद्धिक वर्ग के लोगों से मेल मुलाकात कर उन्हे भाजपा के विचारों से तो अवगत करा ही रहें हैं साथ ही साथ भाजपा के संकल्प पत्र ङ्क मोदी गारंटी 2024 का बुद्धजीवियों पर हो रहे असर को भी बता रहें हैं। प्रकोष्ठ के संयोजक विकास तिवारी ने बौद्धिक वर्ग के लोगों से चर्चा करते हुए कहा की वन नेशन - वन इलेक्शन की बड़ी गारंटी मोदी सरकार ले रही है, इससे जहां देश के संसाधनों की बड़ी बचत होगी वही एक साथ चुनाव कराने से विकास कार्यों को गति मिलेगी, साथ ही साथ मतदाताओं और देश को बड़ी सुविधा प्राप्त होगी।



भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री तिवारी ने आगे बताया की देश के अदालतों की व्यवस्था अंग्रेजो की जमाने से चली आ रही है। देश की शीर्ष अदालत सुप्रीमकोर्ट से लेकर हाई कोर्ट सहित स्थानीय अदालतों में लाखों-लाख प्रकरण लंबित पड़े हैं, हालत यह हैं की पक्षकार जीवन पर्यंत केवल अदालत के चक्कर ही काटता रह जाता हैं, उसे न्याय समय पर नहीं मिल पाता, आम लोगों को सदियों से हो रही इस परेशानी को हल करने की दिशा में मोदी गारंटी में त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु ई-कोर्ट स्थापित करने का निर्णय लिया गया हैं सम्पूर्ण अदालती रिकार्ड का डिजिटीलाइजेशन मिशन मोड़ पर करने एवं अदालती कार्यवाही की सरल पहुच करने के लिए ई-कोर्ट प्रोजेक्ट में तेजी लाने की योजना है, श्री तिवारी ने आगे कहा की इसी प्रकार लंबित मामलों के शीघ्र समाधान के लिए विशेष कोर्ट की स्थापना होगी, विवादों के समाधान के लिए कोर्ट के बाहर तकनीकी व कानूनी प्रावधानों को और मजबूत बनाया जाएगा जिसमे नागरिकों का जीवन सरल होगा।

# खुज्जी में सरकारी जमीन पर कब्जा

### अतिक्रमण कारी को नोटिस जारी] तीन नोटिस के बाद होगी कार्यवाही



**डोंगरगांव /खुज्जी ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थ ग्राम पंचायत खुज्जी मे सरकारी जमीन पर कब्जा की शिकायत जनपद पंचायत और एस डी एम के पास लिखित दर्ज हुई है जिसमे ग्राम पंचायत से लगा हुआ है मेनरोड से लगे हुए सरकारी जमीन जो पहले सरकारी अस्पताल के अंदर आता था अब वे ग्राम पंचायत के अंतर्गत है इस जमीन में गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा अवैध कब्ज़ा कर मकान बना लिया है जिनकी शिकायत खुज्जी के ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत तथा एस डी एम कार्यालय में हुआ है शिकायत के बाद अतिक्रमण कारी को ग्राम पंचायत खुज्जी सरपंच और सचिव ने नोटिस जारी कर दिया है सरकारी जगह पर अवैध कब्ज़ा करने वाले खिलाफ जनपद पंचायत के सी ई ओ नवीन कुमार ने संज्ञान में लेकर राजस्व विभाग के एस डी एम को आगे की कार्यवाही के लिए भेज दिया है इस मामले में अतिक्रमण कारी को दो नोटिस जारी हो गया जिनका अब तक कोई भी जवाब नहीं दिया गया है आगे तीसरा नोटिस जारी किया जाएगा उसके बाद पंचायत अधिनियम के तहत प्रतिबंधक कार्यवाही की जाएगी एक ओर अचार सहिंता के चलते सभी सम्बंधित अधिकारी अभी चुनाव ड्यूटी मे व्यस्त हो गए हैं , अतिक्रमण कारी को नोटिस के बाद भी नियम का उल्लघंन किया जा रहा है और मकान निर्माण जारी रखा गया है इस अतिक्रमण के बारे जनपद पंचायत के सी ई ओ नवीन कुमार ने कहा है कि चुनाव के बाद उक्त जमीन पर कब्जा किया गया जिसकी जांच कर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## धर्म समाचार....

# कब से शुरू हो रही है जगन्नाथ रथ यात्रा, यहां जानिए सारी जानकारी




भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा विश्वभर में प्रसिद्ध है। इस रथ यात्रा में भाग लेने के लिए दूर-दूर से लोग यहां पहुचते हैं। इस भव्य यात्रा में लाखों लोगों की भीड़ उमड़ती है। यह यात्रा मुख्य रूप से आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के दिन निकाली जाती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि इस वर्ष जगन्नाथ रथ यात्रा कब निकाली जाएगी।

जगन्नाथ का अर्थ है 'ब्रहमांड के भगवान'। भगवान जगन्नाथ को भगवान विष्णु का ही अवतार माना जाता है। हर साल ओडिशा के पुरी शहर में रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है। इस त्योहार के दिन मुख्य रूप से तीन देवताओं की पूजा की जाती है, जिसमें भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और उनकी बहन सुभद्रा शामिल है।


**इस दिन से हो रही है शुरू-** हिंदू पंचांग के अनुसार, आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि का प्रारम्भ 07 जुलाई, 2024 को प्रात: 04 बजकर 26 मिनट पर हो रहा है। वहीं इस तिथि का समापन 08 जुलाई, 2024 को प्रात: 04 बजकर 59 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार 2024 में जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरुआत 07 जुलाई से हो रही है।

ज्येष्ठ मास के पूर्णिमा तिथि के दिन भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र को गर्भगृह से बाहर लाकर स्नान कराया जाता है। माना जाता है कि इसके बाद भगवान जगन्नाथ बीमार पड़ जाते हैं और उन्हें बुखार आ जाता है, जिस कारण वह 15 दिनों तक शयन कक्ष में विश्राम करते हैं। इस दौरान भक्तों को दर्शन की अनुमति होती। इसके बाद आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के दिन वह स्वस्थ होकर अपने विश्राम कक्ष से बाहर आते हैं। इस खुशी में भव्य रथ यात्रा निकाली जाती है।

**कैसे की जाती है यात्रा-** भव्य पुरी रथयात्रा के लिए बलराम, श्रीकृष्ण और देवी सुभद्रा के लिए तीन अलग-अलग रथों का निर्माण किया जाता है। सबसे आगे बलराम जी का रथ चलता है, बीच में बहन सुभद्रा और सबसे पीछे भगवान जगन्नाथ जी का रथ चलता है। विशालकाय रथों पर विराजमान होकर भगवान, मौसी के घर गुंडिचा मंदिर जाते हैं, जहां वह कुछ दिनों के लिए विश्राम करते हैं। इसके बाद वह पुन: अपने घर लौट आते हैं।

## हनुमान चालीसा पढ़ते समय न करें ये गलतियां, वरना पाठ नहीं होगा फलित

हनुमान जी को संकटमोचन भी कहा जाता है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि उसकी साधना करने से भक्तों के सभी संकट दूर हो जाते हैं। हनुमान जी की कृपा प्राप्त करने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ करना सबसे उत्तम माना क्या है। लेकिन इन दौरान कुछ बातों का ध्यान रखना भी जरूरी है ताकि आपको इसका पूर्ण फ्ल प्राप्त हो सके। हिंदू धर्म में मंगलवार का दिन विशेष रूप से हनुमान जी की आराधना के लिए समर्पित माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि रोजाना हनुमान चालीसा का पाठ करने से व्यक्ति को बजरंगबली जी की विशेष कृपा प्राप्त होती है, जिससे व्यक्ति के जीवन में आ रहे सभी कष्ट दूर होते हैं। ऐसे में यदि आप हनुमान चालीसा पाठ का पूर्ण फ्ल प्राप्त करना चाहते हैं, तो इसके लिए कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें।





**न करें ये गलतियां-** आप जब भी हनुमान चालीसा का पाठ करने बैठें, तो किसी भी प्रकार का नकारात्मक विचार अपने मन में न लाएं। क्योंकि ऐसा करने से आपको हनुमान चालीसा का पाठ करने का पूर्ण लाभ प्राप्त नहीं होता। हनुमान चालीसा का पाठ करते समय अपना पूरा ध्यान इस पर ही केंद्रित रखें। किसी भी तरह की बातचीत न करें, तभी आपको हनुमान जी की कृपा प्राप्त हो सकती है।


**नाराज हो सकते हैं बजरंगबली-** अगर आप हनुमान जी की आराधना करते हैं और उसके उनके सच्चे भक्त हैं, तो इस बात का ध्यान रखें की कभी किसी निर्बल व्यक्ति को परेशान न करें। न ही किसी से अपशब्द बोलें। ऐसा करने से भी आपको हनुमान चालीसा पाठ का लाभ नहीं मिलता।


हनुमान जी की आराधना के लिए मंगलवार का दिन सबसे उत्तम माना गया है। ऐसे में यदि आप मंगलवार के दिन तीन बार हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं, तो इससे हनुमान जी अति प्रसन्न होते हैं और साधक पर अपनी दया दृष्टि बनाए रखते हैं।

**जरूर करेंगे काम-** जब भी आप हनुमान चालीसा का पाठ करने बैठें, तो इससे पहले पास एक पात्र में जल भरकर रख लें। हनुमान चालीसा का पाठ पूरा होने के बाद इस जल को ग्रहण करें। इससे आपको जीवन में शुभ परिणाम देखने को मिल सकते हैं।

# भगवान महावीर जयंती की हार्दिक बधाई...






























प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com